स्थापना : 1959 पंजीयन क्र.: 59

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज,रायपुर (छ.ग.)

चौ. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन. द्वितीय तल, बॉम्बे मार्केट, रायपुर (छ.ग.) 492001

Chhattisgarh Chamber of Commerce & Industries, Raipur (C.G.)

Ch. Devilal Vyapar Udyog Bhawan, 2nd Floor, Bombay Market, Raipur (C.G.) INDIA

CCCI

Ph.: 0771-2539275, 4034572 , Fax : 0771-2539275

Website : www.cgchamber.org Email : info.cgchamber@gmail.com

क्र.सीसीसीआई /161 /2021–22 दिनांक :– 02–07–2021

प्रेस विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से चेम्बर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की सौजन्य भेंट

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कैट के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि चेम्बर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल आज दिनांक 02 जुलाई 2021, शुक्रवार को महामहिम राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से राजभवन में सौजन्य मुलाकात की।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने राज्यपाल महोदया को छत्तीसगढ़ चेम्बर के कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज देश के प्रमुख चेम्बर ऑफ कामर्स में से भारतवर्ष का सबसे अधिक सदस्य संख्या वाला चेम्बर है । वर्तमान में इसके 17000 से अधिक आजीवन सदस्य एवं स्थानीय एवं प्रदेश के लगभग 130 संघ सदस्य के साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों में इकाईयों का गठन किया जाता है ।

श्री पारवानी ने आगे बताया कि चेम्बर में युवा शक्ति को जोड़ने हेतु युवा चेम्बर, महिला उद्यमियों एवं व्यवसायियों को महिला सशक्तिकरण के लिये महिला चेम्बर, उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु उद्योग चेम्बर, तथा परिवहन संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु ट्रांसपोर्ट चेम्बर का गठन किया जाता है।

छत्तीसगढ़ चेम्बर व्यापारियों एवं उद्योगपतियों की एक प्रतिनिधि संस्था है जो व्यापारियों एवं उद्योगपतियों के हितसंवर्धन हेतु संवाद के माध्यम से शासन–प्रशासन के मध्य सेतु का कार्य करता है। व्यापारिक हितों के साथ ही चेम्बर समय–समय पर सामाजिक हित में भी सक्रिय भूमिका निभाते आ रहा है।

इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, चेम्बर के वरिष्ठ सदस्य–मगेलाल मालू,विक्रम सिंहदेव, राजेंद्र जग्गी, यू.एन. अग्रवाल, राम मंधान, चेम्बर उपाध्यक्ष –हीरानंद माखीजा, नरेंद्र हरचंदानी,. पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा, टी. श्रीनिवास रेड्डी, चेम्बर मंत्री– नीलेश मूंधड़ा, शंकर बजाज, जितेंद्र गोलछा, राजेंद्र खटवानी, लोकेश साहू, प्रशांत गुप्ता, जनक वाधवानी, दिनेश पटेल,सदस्य कांति पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

शंकर बजाज
प्रदेश मंत्री
मो.98271–50168

सेवा में,

श्रीमान संपादक जी,

दैनिक .... रायपुर।

प्रिय महोदय,

निवेदन है कि उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक में प्रकाशित करने की कृपा करेंगे।

कार्यालय सचिव